महत्वपूर्ण / समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः—प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12313 **लखनऊःदिनांक—** 24/3/2025

विषयः— सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, जून—2025 के परीक्षाफार्म भराये जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा / विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई—जून, 2025 प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा का प्रोवजिनल परीक्षाफार्म student login पर दिनांक 28—03—2025 से 31—03—2025 तक उपलब्ध रहेगा, जिस पर छात्र की basic detail यथा— परीक्षार्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि एवं जिस परीक्षा में छात्र सम्मिलित हो रहा है, के परीक्षा संबंधी विषयों एवं परीक्षा शुल्क का पूर्ण विवरण उपलब्ध होगा। यदि किसी परीक्षार्थी के विवरण में कोई संशोधन वांछित है तो छात्र अपने प्रधानाचार्य से संपर्क कर वांछित संशोधन करा सकता है।

तदोपरांत दिनांक 01—04—2025 से 10—04—2025 तक student login पर 'pay examination fee' का लिंक उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे छात्र द्वारा SBI collect के माध्यम से "Board of Technical Education, UP" को choose कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकेगा। किसी भी दशा में परीक्षार्थी द्वारा अपने संस्थान का नाम choose कर भुगतान नहीं किया जायेगा, इस संबंध में अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को सूचित कर दें।

अवगत कराना है कि शासन द्वारा परिषद द्वारा लिये जाने वाले समस्त भुगतान ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। किसी भी दशा में कोई भी भुगतान ट्रेजरी चालान एवं बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे। किसी संस्थान द्वारा छात्र / छात्राओं से यदि पूर्व में ही परीक्षा शुल्क ले लिया गया है तो उसे छात्र / छात्राओं को वापस कर दिया जाये एवं उपरोक्तानुसार ही ऑनलाइन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जाये।

दिनांक 10—04—2025 के पश्चात् किसी भी दशा में पोर्टल पुनः open नहीं किया जायेगा। अतएव अपने स्तर से समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए परीक्षाफार्म भराये जाने एवं परीक्षाशुल्क जमा किये जाने की कार्यवाही उपरोक्तानुसार निर्धारित अंतिम अवधि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा किसी विषम परिस्थिति हेतु संबंधित संस्था प्रधानाचार्य एवं परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0— प्राशिप / अनु06 / 2025 / 12314-17 **तद्दिनांक—** 24/3/2025

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / मध्यक्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\exam June 25.docx